नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित
# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## जंगल धूसड़- गोरखपुर
मो. : 7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................

दिनांक : 26.11.2018

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राजनीतिशास्त्र विभाग के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर व्याख्यान देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवन्त राव ने कहा कि आज ही के दिन 26 नवम्बर 1949 को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में संविधान बन कर तैयार हुआ था। संविधान का निर्माण में उन लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका थी जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम से तपकर आये हुए लोग थे। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. भीम राव अम्बेडकर, ए. के. अय्यर, के. टी. शाह तथा जवाहर लाल नेहरू आदि प्रमुख लोग थे। भारतीय संविधान द्वारा भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय तथा समता की पुर्नस्थापना किया गया। भारतीय संविधान को 22 भाग, 395 अनुच्छेद एवं 12 अनूसूची के साथ विश्व के सबसे विस्तृत संविधान होने का गौरव हासिल है। भारतीय संविधान में अबतक कुल 101 संशोधन किये जा चुके हैं। डॉ. यशवन्त राव ने कहा कि भारत में नये गणराज्य के संविधान का शुभारम्भ 26 जनवरी 1950 को हुआ और भारत अपने लम्बे इतिहास सम्भवतः प्रथम बार एक आधुनिक संस्थागत ढांचे के साथ पूर्ण संसदीय लोकतंत्र बना।

कार्यक्रम में डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. विजय कुमार चौधरी डॉ. शिव कुमार बर्नवाल, डॉ. ब्रजभूषण लाल, डॉ. शिप्रा सिंह, श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव, डॉ. सौरभ सिंह, श्री सुबोध मिश्र, डॉ. प्रज्ञेश मिश्र, डॉ. प्रदीप वर्मा, सुश्री प्रियंका मिश्रा, डॉ. सुभाष गुप्ता, श्री नन्दन शर्मा तथा डॉ. अविनाश प्रताप सिंह सहित शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(डॉ. राजेश शुक्ला)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी